>

Title: Alleged irregularities in the purchase of study materials under Sarva Shiksha Abhiyan in Udaipur division, Rajasthan.

**श्री महावीर भगोरा (सलूम्बर) :** महोदय, मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि सर्व शिक्षा अभियान में उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण सामग्री और उपकरण तय करने हेतु निधियां भारत सरकार की तरफ से राज्य सरकारों को जारी की जाती है। राजस्थान के लिए भी केन्द्र सरकार की तरफ से निधि जारी कर दी गयी। ...(व्यवधान) उदयपुर डिवीजन, बांसवाड़ा, डूंगरपुर में बिना निविदायें आमंत्रित किए, क्षेत्रीय अधिकारियों और व्यापारियों की मिलीभगत से एक मेले का आयोजन किया गया। [p76] मेले में सामग्री क्रय करने की एक प्रक्रिया अपनाई गई। उसमें प्रत्येक नए प्राथमिक विद्यालय में पचास हजार रुपये और पुराने स्कूल में...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप कहना क्या चाहते हैं?

**श्री महावीर भगोरा :** मैं कहना चाहता हूं कि जो सामग्री क्रय की गई है, उसमें लाखों रुपये का घोटाला किया गया है। उदयपुर जिले में एक करोड़ तीस लाख रुपये की सामग्री बिना निविदा और व्यापारियों की मिलीभगत से क्रय की गई। मैं केन्द्र सरकार से कहना चाहता हूं कि एक स्पैशल टीम बनाकर वहां जांच के लिए भेजी जाए और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।